'किसानों को उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद लेने हेतु बाध्य नहीं करें'

टोंक, (निसं)। संयुक्त निदेशक कृषि (वि) जिला परिषद एवं अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) के. के. मंगल ने मंगलवार को आदेश जारी कर समस्त उर्वरक विक्रेताओं को किसानों की इच्छा के विरुद्ध उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद टैगिंग नहीं करने के निर्देश दिये।

संयुक्त निदेशक के के मंगल ने बताया कि जिले में किसानों द्वारा शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि कृषि आदान विक्रेताओं द्वारा किसानों को जबरदस्ती नैनो यूरिया, सल्फर एवं अन्य उत्पाद दिये जा रहे हैं जो नियमों के विरुद्ध है। अत: जिले के समस्त थोक, खुदरा विक्रेता एवं जिले की समस्त सहकारी संस्थाओं को निर्देशित किया है कि किसानों द्वारा उर्वरक क्रय करते समय किसी भी प्रकार के अन्य उत्पाद लेने हेतु बाध्य नहीं किया जाये अन्यथा एफसीओ के नियमों के तहत कार्यवाही की जायेगी। किसानों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने को लेकर अनियमितता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है, जिसके लिए वर्तमान में रबी गुण नियन्त्रण चलाया जा रहा है, जिसके तहत कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों एवं गोदामों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है, गुण नियन्त्रण अभियान 14 नवम्बर तक जारी रहेगा।

संयुक्त निदेशक ने बताया कि वर्तमान में किसानों को यूरिया उपलब्ध कराने के लिए प्रति कृषक 5 बैग देने के निर्देश दिये गये है, यूरिया की सप्लाई अनवरत जारी है।

मालपुरा विधानसभा सीट से माली समाज का प्रत्याशी बनाने की मांग

एकजुट हुये माली समाज ने टिकट नहीं तो वोट नहीं की भाजपा व कांग्रेस को चेतावनी दी

मालपुरा, (निसं)। विधानसभा चुनाव 2023 में टोंक जिले की चार विधानसभा सीटों में से मालपुरा अथवा किसी एक सीट पर माली समाज का प्रत्याशी उतारे जाने की मांग को लेकर मंगलवार को मालपुरा में पुरानी तहसील मालियों की बगीची में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में जुटे सैंकड़ों माली समाज के लोगों ने इस बार माली समाज की अनदेखी करने पर भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दलों को टिकट नहीं तो वोट नहीं की खुली चेतावनी देते हुए समाज की एकजुटता का संदेश शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाया है।

मंगलवार को आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम व समाज की हुई पंचायत में माली समाज के जिलाध्यक्ष कैलाश मोरी, पूर्व जिलाध्यक्ष कमलेश सिंगोदिया, मालपुरा के स्थानीय व युवा समाजसेवी सौभाग्य सिंह कच्छावा सीए, टोडारायसिंह पालिका अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी, मालपुरा तहसील अध्यक्ष नारायण सोपरिया, मालपुरा समाज अध्यक्ष सुखपाल सुईवाल, एडवोकेट कन्हैयालाल सैनी, सुरेश अजमेरा, माली समाज धर्मशाला समिति अध्यक्ष कालूराम सैनी, नन्दकिशोर सैनी सहित समाज के पंच-पटेलों ने समाज की जाजम पर

मालपुरा में माली समाज की पंचायत हुई।

एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि, आजादी के बाद से आज तक अजमेर संभाग के चार जिलों में से किसी भी सीट पर कांग्रेस पार्टी ने माली समाज को विधानसभा प्रत्याशी नहीं बनाया है।

टोंक जिले में शामिल चार विधानसभा क्षेत्रों में माली समाज हमेशा निर्णायक मतदाता की भूमिका निभा रहा है। माली बाहुल्य टोंक जिले में माली समाज की अनदेखी कर जाट व गुर्जर समाज से प्रत्याशी बनाये जाते हैं ऐसे में अब माली समाज दोनों ही दलों का महज वोट बैंक बनकर रहने के बजाय प्रत्याशी बन अपने वोट की ताकत दिखाने क लिए एकजुट हो चुका है।

पंचायत में शामिल माली समाज के लोगों ने जिले की चारों सीटों में मालपुरा विधानसभा सीट पर विशेष जोर देते हुए भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टियों से इस बार टिकट की मांग की। मौजूद वक्ताओं व युवाओं ने कहा कि, मालपुरा सीट से कांग्रेस लगातार 30 साल से जाट व गुर्जर का दांव खेल रही है। जिनमें डॉ. चन्द्रभान जैसे दिग्गज नेता पराजित हुये तो कांग्रेस की सरोज गुर्जर की जमानत जप्त हुई है तथा दोनों ही समाज से बनाये प्रत्याशी पराजित हो रहे हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा कर मालपुरा विधानसभा वासियों को उनका कोई वैभव लौटाया है। आंदोलन में माली समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिले की घोषणा से क्षेत्र में इस बार

- टोंक जिले की चार सीटों में से एक सीट पर माली समाज के प्रत्याशी की लम्बे समय से उठ रही मांग

कांग्रेस से टिकट के लिए हौड-सी मची हुई है तथा 37 जनो ने आवेदन किया है। ऐसे में इस बार नये चेहरे पर विश्वास जत्ता माली समाज के व्यक्ति को कांग्रेस प्रत्याशी बनाती है तो निश्चित मालपुरा से कांग्रेस की जीत होगी। साथ ही जिले की चारों विधानसभाओं में माली समाज कांग्रेस के पक्ष में मतदान करेगा। यदि चारों में से किसी भी सीट पर भाजपा माली समाज पर विश्वास जताती है तो समाज अपने वादे से पीछे नहीं हटेगा।

मालपुरा से उठ रही स्थानीय की मांग के आधार पर सौभाग्य सिंह कच्छावा जो कि मुख्यमंत्री गहलोत के बेहद करीबी हैं। साथ ही वैभव गहलोत का नाम निकल कर सामने आया है। महामंत्री राजेन्द्र सैनी ने बताया कि यदि दोनों ही पार्टियां माली समाज की अनदेखी करती हैं तो पुन: समाज की महापंचायत बुला आगे की रणनीति बनाई जायेगी।

सार-समाचार

3551 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

कोटपूतली, (निसं)। श्री श्याम शक्ति मण्डल कोटपूतली ट्रस्ट का 37वां श्री शिव महापुराण कथा एवं श्री श्याम कीर्तन महोत्सव का मंगलवार को 3551 महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकालकर शुभारम्भ किया गया। यह आयोजन 17 से 25 अक्टूबर तक किया जायेगा। मंगलवार को श्री लक्ष्मीनारायण देवस्थान मंदिर से महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर महंत श्रवण द्वारा कलश पूजन करवाकर यात्रा का शुभारम्भ किया गया। यात्रा के दौरान श्री श्याम प्रभु की झांकी व कथा व्यास महंत राधेश्याम व्यास (धामपुर बिजनौर) वाले रथ में सवार होकर मुख्य मार्ग से मैन चौराहा होते हुए श्री श्याम मंदिर में दर्शन कर लक्ष्मीनारायण धर्मशाला कथा स्थल पर पहुंचे। यात्रा का कस्बे में जगह-जगह आमजन व जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा समापन के बाद कथा व्यास राधेश्याम व्यास द्वारा श्री शिव महापुराण की कथा सुनाई गई। श्री शिव महापुराण कथा प्रतिदिन दोपहर 01 बजे से सायं 05 बजे तक होगी। 25 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे हवन व भण्डारे का आयोजन होगा। वहीं रात्रि 08 बजे से श्री श्याम प्रभु का विशाल जागरण आयोजित किया जायेगा।

राम वरमाला महोत्सव देखने उमड़े श्रद्धालु

राजगढ़, (निसं)। कस्बे में मंगलवार को कला संगम नागरिकों की ओर से आयोजित राम वरमाला महोत्सव के यादगार पल ने ने सभी का मनमोहन लिया। कस्बे में पहली बार खुले बाजार में अविस्मरणीय आयोजन ने युवा महिला पुरुषों एवं सभी के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी । लोगों की ओर से पुष्प वर्षा एवं राम जानकी की जय जयकार के साथ आयोजन ने सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके बाद कन्यादान की रस्म गांधी पार्क के नवीन रंगमंच पर आयोजित हुई। शहनाई वादन के साथ शुरू हुए हुए धार्मिक कार्यक्रम को यादगार आयोजन में सभी ने भूमिका निभाई। राम बारात कस्बे के स्टेशन मार्ग स्थित सैनी धर्मशाला से प्रारंभ हुई तो गोविंद देव जी मंदिर से जानकी की सवारी सैंकड़ों महिलाओं की मौजूदगी में रवाना हुई। राम की भूमिका सूर्य प्रकाश एवं सीता की भूमिका उनकी पत्नी शिवानी ने अदा की। दोनों मार्गों में निकली शोभायात्रा का कस्बे के धर्म प्रेमी लोगों की ओर से पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। चौपड़ बाजार पर चारों रास्तों में महिला पुरुषों सहित अन्य धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं ने इस अनूठे आयोजन का भरपूर लाभ कमाया।

मिशन 'आकाश' की समीक्षा बैठक

दूदू, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ.अर्तिका शुक्ला ने मिशन आकाश अभियान के तहत जन सामान्य में कुपोषण एवं एनिमिया के विरूद्ध जन जागरूकता लाने के निर्देश दिए। डा.शुक्ला ने मंगलवार को कलेक्टर कक्ष में अभियान के तहत कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली तथा कहा किं एनिमिया से ग्रसित 884 बच्चे, किशोरिया,महिलायें जो स्वस्थ हुई हैं वह एक बडी उपलब्धि है। मिशन आकाश का जो उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौषिक भोजन, प्रोटीन व आयरन युक्त खाद्य सामग्रियों को जीवन में शामिल कर जिले में कुपाषण एवं एनिमिया की दर में कमी लाने के लिए सभी को जनता के साथ मिलकर पूरा करना होगा।

शहीद की मूर्ति का अनावरण आज

श्रीमाधोपुर, (निसं)। ग्राम हांसपुर की ढाणी बिजावाली निवासी शहीद महेश निठारवाल की पांचवीं पुण्यतिथि पर शहीद निठारवाल मंदिर कल्याणपुरा रोड पर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा अनावरण कार्यक्रम आज बुधवार को प्रात: 10:15 बजे किया जाएगा। शहीद के बड़े भाई राजेश निठारवाल ने बताया कि इस दौरान हर साल की भांति रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा ।प्रात: 9 बजे से शाम 5 तक लगने वाल वाले शिविर में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व वॉटर कैन देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम दाऊधाम कोलाकोटा के संत बलदेवदास महाराज के सानिध्य में होगा।

रोजगार मेला लगेगा

श्रीमाधोपुर, (निसं)। महात्मा गाँधी पी.जी. कॉलेज में आज आईसीआईसीआई बैंक मुख्यालय, जयपुर की ओर से बैंक जॉब के लिए रोजगार मेले का आयोजन होगा। प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी ने बताया कि महात्मा गाँधी पी.जी. कॉलेज व अन्य महाविद्यालय से बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमएससी, एमकॉम, बीबीए, बीसीए, पीजीडीसीए, बीटेक, एमटेक व् प्रोफेशनल कोर्स से स्नातक एवं स्नातकोत्तर उत्तीर्ण अभ्यर्थी जो की कम्प्यूटर का ज्ञान रखता हो, के लिए रिलेशनशिप मैनेजर पद के लिए सुनहरा मौका, जिसमें साक्षात्कार, दस्तावेज सत्यापन, लिखित परीक्षा एवं कम्प्यूटर दक्षता प्रकिया से गुजरना होगा।

आम मतदाता फिल्मी अंदाज में जागरूकता का संदेश देंगे

कोटपूतली, (निसं)। आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के प्रति मतदाताओं में जागरुकता लाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से स्वीप गतिविधियों के साथ ही नवाचार भी किए जा रहे हैं।

अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास ने बताया कि कोटपूतली - बहरोड़ जिले में अभिनव पहल के तहत प्रसिद्ध बॉलीवुड फिल्मों के डायलॉग्स को मतदान से जोड़ते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिये प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिला प्रशासन ने एक अनुपम पहल करते हुए इसको मतदान से जोडते हुये मतदाता जागरूकता का संदेश देने हेतु चुना है।

इस प्रतियोगिता में कोटपूतली - बहरोड़ जिले में किसी विधान सभा क्षेत्र में मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाता जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो वहीं पात्र हो सकेगा। अपनी प्रविष्टि के साथ नाम, आयु, पिता का नाम, पता, विधान सभा क्षेत्र का नाम सहित अपने मतदाता पहचान पत्र (ईपिक कार्ड) या आधार कार्ड की प्रति संलग्न करनी होगी। मतदाता जागरूकता से संबंधित भेजे गये

- विजेताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी) पर सम्मानित किया जायेगा

डायलॉग से संबंधित मूवी का दृश्य, ओरिजनल मूवी का नाम व ओरिजनल डायलॉग मूवी का दृश्य संलग्न उदाहरण के अनुसार भेजना होगा । प्रतियोगी बॉलीवुड डायलॉग को मतदाता जागरूकता अपील से जोडते हुये मतदाता अपनी प्रविष्टि वाटसऐप मोबाईल नम्बर 9672530570 या ईमेल आईडी पर भेज सकते है। एक व्यक्ति एक से अधिक प्रविष्टि भी भेज सकता है। उक्त वाट्सऐप नम्बर व ईमेल आईडी पर 20 अक्टूबर मध्यरात्रि से 5 नवम्बर तक प्राप्त प्रविष्टियों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेष्ठ प्रतियोगियों को 25 जनवरी 2024 राष्ट्रीय मतदाता दिवस को जिला स्तर पर सम्मानित किया जायेगा । पुरस्कार राशि प्रथम स्थान के लिये 5000 रू द्वितीय स्थान के लिये 3000 रू तथा तृतीय स्थान के लिये 2000 रू होगी।

भाजपा प्रत्याशी क्लियर होने के बाद प्रचार शुरू, कांग्रेस प्रत्याशी तय होने का इंतजार

लालसोट, (निसं)। विधानसभा क्षेत्र लालसोट से कांग्रेस के प्रत्याशी की घोषणा होने का इंतजार लोगों को बेसब्री से है तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी द्वारा लालसोट विधानसभा क्षेत्र से रामविलास डूंगरपुर को प्रत्याशी फाइनल करने के बाद उनके द्वारा देव दर्शन कार्यक्रम के साथ प्रचार प्रसार भी शुरू कर दिया गया है।

वहीं लालसोट विधानसभा से मौजूदा विधायक एवं प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा का वैसे तो टिकट फाइनल है पर केवल औपचारिक घोषणा का इंतजार है। वहीं कांग्रेस पार्टी द्वारा लालसोट विधानसभा क्षेत्र के लिए औपचारिक घोषणा होने का इंतजार आम मतदाता बेसब्री से कर रहे हैं।

लालसोट विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के बीच इस बार मुकाबला कांटे का माना जा रहा है। वहीं मौजूदा समय में लालसोट विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक परसादी लाल मीणा के अलावा कोई विकल्प कांग्रेस पार्टी के पास नहीं है। मौजूदा समय में देखा जाए



परसादी लाल मीणा।

रामविलास मीणा।

तो कांग्रेस पार्टी के पास पूर्वी राजस्थान को लेकर ईस्टर्न कैनल परियोजना यानी कि ईआरसीपी एवं विभिन्न केंद्रीयकृत मुद्दों को लेकर ठोस मुद्दा है तो दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के पास भी पूरे प्रदेश में विगत पांच सालों में बढ़ते अपराध, पेपर लीक प्रकरण सहित विभिन्न गम्भीर आपराधिक मामलों को लेकर कांग्रेस के खिलाफ बोलने को भरपूर विषय है। साथ ही भारतीय जनता पार्टी से पूर्व में प्रत्याशी रहे रामविलास मीणा डूंगरपुर पूरे पांच साल क्षेत्र में सक्रिय रहने से उनको हर छोटे बडे मुद्दे की जानकारी है। ऐसे में चर्चाओं में शुमार है कि इस बार का विधानसभा चुनाव काफी रोचक रहने वाला है। बहरहाल विधानसभा चुनाव के मतदान दिवस को करीब 37 दिन के बीच का समय मौजूद है और इन चुनावी दिनों में दोनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशी मतदाताओं को खुद की और आकर्षित करने के लिए विभिन्न मुद्दों को लेकर

- दौसा जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस ने घोषित नहीं किया प्रत्याशी

आपस में राजनीतिक पलटवार भी करेंगे। इसी के साथ क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां चरम पर रहेगी एवं राजनीतिक माहौल में बदलाव आने के साथ मतदाताओं की मानसिकता भी बदलेगी। ऐसे में देखने वाली बात होगी कि मतदाताओं का झुकाव किस ओर होता है यह तो मतदान के बाद परिणाम आने पर ही साफ हो पाएगा। वहीं दूसरी ओर दौसा विधानसभा की पांचों विधानसभा क्षेत्र में केवल दो विधानसभा क्षेत्र से ही भाजपा द्वारा प्रत्याशी अधिकृत किए गए हैं बाकी तीन विधानसभाओं से अभी तक कोई प्रत्याशी अधिकृत नहीं किया गया वहीं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी की बात करें तो दौसा जिले की पांचौं विधानसभा क्षेत्र से कोई प्रत्याशी अभी तक कांग्रेस पार्टी द्वारा अधिकृत नहीं किया गया है।

भगवान श्रीराम जन्मोत्सव में उमड़े लोग, राम बारात आज

निवाई, (निसं)। स्थानीय प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में सोमवार को जागृति रंगमंच के कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का मंचन किया गया।

जिसको देखने के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंच के पवन शर्मा ने बताया कि, दशहरे मेला महोत्सव को लेकर आयोजित रामलीला में राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्ठि यज्ञ, भगवान श्रीराम जन्मोत्सव, पुष्प वाटिका में श्रीराम एवं अहिल्या संवाद का मंचन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां देकर लोगों का खूब मनोरंजन किया।

इस दौरान जागृति रंगमंच के पदाधिकारियों ने पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी सहित सभी पार्षदों को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। रामलीला के मंचन के दौरान प्रताप स्टेडियम में मूंगफली, कचौरी-पताशी एवं खिलोनों के ठेलों पर भी लोगों व बालकों की भीड़ रही। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि दशहरा महोत्सव को लेकर एकाएक कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने बताया कि 18 अक्टूबर को गणगौरी बाजार में स्थित कंकाली माता के मंदिर से भव्य राम बारात रवाना होगी। राम बारात शहर के मुख्य बाजार से होते हुए प्रताप स्टेडियम पहुंचेगी।

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

पावटा, (निसं)। शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा पावटा द्वारा पी डी मद खाते वाले कर्मचारियों को विगत दो माह से वेतन नहीं मिलने पर उप शाखा अध्यक्ष रतन सिंह शेखावत के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी उपखंड कार्यालय पावटा बजरंग लाल स्वामी को ज्ञापन सौंपा। जिला सभा अध्यक्ष गजानंद टीलावत ने बताया कि पी डी मद वालों को का वेतन कभी दो माह से कभी चार माह से मिलता है, इसके अतिरिक्त जनवरी 2022 से मार्च 2022 तक व जनवरी 2023 से मार्च 2023 तक का एरियर का भुगतान भी नहीं किया गया है।

प्रियंका गांधी की जनसभा की तैयारी

दौसा, (निसं)। प्रियंका गांधी की सिकराय विधानसभा क्षेत्र में ईआरसीपी को लेकर होने वाली चुनावी जनसभा की तैयारी को लेकर बैठक आज बुधवार को संस्कृत कॉलेज परिसर में दोपहर एक बजे आयोजित की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने दिनेश मिश्रा ने बताया कि 20 अक्टूबर को सिकराय विधानसभा क्षेत्र में प्रियंका गांधी की होने वाली चुनावी जनसभा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों की एक बैठक आयोजित होगी। मिश्रा ने बताया कि जनसभा को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की तैयारी बैठक लेंगे। इस बैठक में विभिन्न ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं विभिन्न कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा की ईआरसीपी को लेकर होने वाले जनसभा की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है एवं इस जनसभा की तैयारी को लेकर प्रदेश स्तर के कांग्रेस नेता भी तैयारी का जायजा ले रहे हैं।

जमवारामगढ़ में कांग्रेस से गोपाल व भाजपा से महेंद्र पाल मजबूत दावेदार

जमवारामगढ़, (निसं)। एस.टी. वर्ग के लिए आरक्षित विधानसभा क्षेत्र जमवारामगढ़ में इस बार टिकट के लिए दोनों ही पार्टियों के युवा नेता दावेदारी जता रहे हैं। जमवारामगढ़ में मजबूत दावेदारों में कांग्रेस के विधायक व जयपुर जिला देहात अध्यक्ष गोपाल मीणा व भाजपा से पूर्व प्रत्याशी महेंद्र पाल मीणा शामिल हैं।

वहीं पिछले विधानसभा चुनावों में 2 लाख 5 हजार 757 मतदाता थे। जिस में कांग्रेस के गोपाल मीणा को 21 हजार 684 वोटों से जीत दर्ज कर दूसरी बार विधायक बने थे। गोपाल मीणा को 89 हजार 165 व भाजपा के महेंद्र पाल मीणा को 67 हजार 481 वोट मिले थे। इनमें से कांग्रेस को 55.42 प्रतिशत व भाजपा को 41.94 प्रतिशत मत मिले थे। पिछले 5 साल में विधानसभा क्षेत्र में 24 हजार 786 नये मतदाता बढ़कर इस बार विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 30 हजार 543 मतदाता हो गये।

वहीं पिछले चुनावों में दोनों ही पार्टियों के नेताओं ने जमवारामगढ़ के प्रमुख मुद्दों पर चुनाव लड़ा था। जमवारामगढ़ के प्रमुख मुद्दों में रामगढ़

गोपाल मीणा।

महेन्द्र पाल मीणा।

बांध में पानी, सरकारी कॉलेज, उपजिला अस्पताल, खेल स्टेडियम, आंधी को तहसील, सड़कें, पानी, बिजली सहित कई कई थे। जिन में कांग्रेस के गोपाल मीणा ने जीत दर्ज करने के बाद जमवारामगढ़ में इन प्रमुख मुद्दों पर काम किया जिन में रामगढ़ बांध में पानी लाने के लिए 1250 करोड़ की डीपीआर, आंधी को तहसील का दर्जा, आंधी में पंचायत समिति, 12 नवीन ग्राम पंचायत, उपजिला अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर, खेल स्टेडियम, पीएचडी एक्सएन कार्यालय, पीडब्ल्यूडी एक्सएन कार्यालय, जेवीवीएनएल एक्सएन कार्यालय, एईएन कार्यालय पीएचडी आंधी, एईएन कार्यालय जेवीवीएनएल आंधी, राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय जमवारामगढ़, लगभग 500 करोड़ की लागत से सड़के, लगभग 290 करोड़ से पेयजल योजना, बिजली सहित कई विकास कार्य इस कार्यकाल में करवाया है।

- दोनों ही पार्टियों के युवा नेता दावेदारी जता रहे हैं

वहीं भाजपा के महेंद्र पाल मीणा लगातार 5 वर्ष से सक्रिय रहे हैं। पार्टी कार्यक्रमों में मुख्य धुरी रहे हैं। कार्यकर्ताओं और संगठन में मजबूत पकड़ बनाई है। वहीं भाजपा से दावेदारों की बाढ़ में पूर्व विधायक जगदीश नारायण मीणा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा, सरपंच बाबूलाल मीणा गठवाड़ी, पूर्व सरपंच रामस्वरूप मीणा, विमलेश मीणा सहित 1 दर्जन से भी अधिक भाजपा दावेदार अपनी दावेदारी जता रहें है। तो वहीं कांग्रेस और भाजपा के अलावा जमवारामगढ़ विधानसभा से राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से रमेश सोलंकी, आम आदमी पार्टी से हीरालाल शास्त्री भी क्षेत्र में सक्रिय है। इस बार भारतीय जनता पार्टी में दावेदार अधिक होने से भीतरघात होने की पूरी संभावना लगाई जा रही है। वहीं बाहरी व पैराशूट प्रत्याशी को यहां की जनता कभी भी स्वीकार नहीं करेगी।

टायर फटने से कार पलटी, दो जनों की मौत

चाकसू / जयपुर, (निसं)। नेशनल हाईवे-52 स्थित एक होटल के पास मंगलवार को कार का टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार बालिका समेत 2 जनों की मौत हो गई जबकि 6 जने घायल हो गए। सूचना पर चाकसू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेकर घायलों को एम्बुलेंस से जयपुर भिजवाया।

पुलिस ने बताया कि हथूना निवासी प्रकाश मीणा (45) पुत्र लालाराम मीणा परिवार के साथ कार में सवार होकर टोंक के हथुना से जयपुर किसी कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे थे। कार में करीब 9 जने सवार थे। चाकसू के पास पहुंचने पर कार का अचानक टायर फट गया, जिससे कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में प्रकाश मीणा की मौके पर मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल बालिका प्रियंका (5) पुत्री शंकर मीणा की अस्पताल में मौत हो गई।

पुलिस ने क्षितग्रस्त कार को साइड में करवाया। पुलिस ने मृतक का शव चाकसू मोर्चरी में रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

राजा दशरथ ने राम के वनवास के वियोग में अपना शरीर छोड़ा

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा की रेलवे कॉलोनी स्थित रामलीला रंगमंच पर श्रीरेलवे रामलीला कमेटी द्वारा के नेतृत्व में कलाकारों द्वारा 11 अक्टूबर से रामलीला का मंचन बड़े उत्साहपूर्वक किया जा रहा है।

ब्रिटिश काल से चली आ रही रामलीला के छठवें दिन सोमवार को रात्रि 8 बजे लीला मंचन का कार्यक्रम निर्देशक राजेश शर्मा के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। कमेटी के सचिव दिनेश सुरोलिया ने बताया कि इस दौरान सुमन्त को विदा करना, केवट-राम संवाद, राजा दशरथ का राम के वनवास के वियोग में अपने प्राण त्यागना, भरत शत्रुघ्न का आगमन, कैकई भरत संवाद, कौशल्या भरत संवाद की लीला का मंचन किया गया। गौरतलब है कि राजा दशरथ ने अपने पुत्र राम के वनवास के वियोग में प्राण त्याग दिये। इसके चलते पूरी अयोध्या नगरी में शौक की लहर दौड़ गयी। उपरोक्त सभी लीलाओं का स्थानीय कलाकारों द्वारा बड़े ही रोचक ढंग से अभिनय किया। इसी क्रम मंचन के दौरान योगेश गुर्जर और हेमन्त कुमावत की अगुवाई में मां जगदम्बा के दूसरे रूप ब्रह्म चारिणी की

फुलेरा में रामलीला के छठे दिन राजा दशरथ का वियोग में अपने प्राण त्यागने आदि लीला का मंचन किया।

विशेष झांकी सजाई गई। इस मौके पर संतोष कुमार स्वामी, श्याम लाल सैनी, शेष नारायण सैनी, जसवंत यादव, जितेन्द्र कुमावत, मदन मोहन बब्बू, मनोहर वर्मा, राजेन्द्र शर्मा, विमल सोनी, शैलेन्द्र शर्मा, नीरज सैन, संजय शर्मा, दामोदर कुमावत , चिरंजीलाल गोठवाल सहित कमेटी के कलाकारों सहित दर्शकगण उपस्थित रहे। रामलीला मंचन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए फुलेरा पुलिस थाने के थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह मय जाप्ते के साथ मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा निशुल्क जल व्यवस्था दी जा रही है। साथ ही व्यवस्थाओं में उत्तर पश्चिम रेलवे भारत स्काउट्स और गाइड्स के स्वयं सेवक स्काउट मास्टर घनश्याम कुमावत की अगुवाई में सहयोग कर रहे है।